खुशी कपूर अगले साल करेंगी बॉलिवुड में एंट्री !

श्रीदेवी की बड़ी बेटी जाह्नवी कपूर बीटाउन में फिल्म धड़क से एंट्री कर चुकी हैं। उनकी ऐक्टिंग को काफी सराहा गया था। जाह्नवी के फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने के बाद इस बात को लेकर अटकलें तेज हो गईं थीं कि आखिर खुशी कपूर कब बॉलिवुड में कदम रखेंगी। हालांकि, अब करण जौहर ने इसे लेकर एक बयान दिया है।

बॉलिवुड में स्टार किड्स को लॉन्च करने के लिए मशहूर फिल्ममेकर करण जौहर से नेहा धूपिया के चैट शो में जब यह सवाल किया गया कि इस साल तो कई स्टार किड्स ने डेब्यू किया। अब अगले साल यानी 2019 में कौन सा स्टार किड इंडस्ट्री में एंट्री करेगा? इस पर करण ने कहा जावेद जाफरी के बेटे और बोनी कपूर व स्व. श्रीदेवी की छोटी बेटी का नाम लिया।

करण जौहर ने कहा कि अगले साल बॉलिवुड में जावेद जाफरी के बेटे मिजान और जाह्नवी की छोटी बहन खुशी डेब्यू कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि मिजान बहुत अच्छे ऐक्टर साबित होंगे। वहीं खुशी के लिए करण ने कहा कि वह बेहद खूबसूरत और प्यार हैं। बता दें कि, मिजान को संजय लीला भंसाली एक फिल्म के लिए साइन भी कर चुके हैं।

वहीं खुशी की बात करें तो वह सोशल मीडिया और पपराजी के बीच में काफी पॉप्युलर हैं। हालांकि, उन्हें अब तक किसी फिल्म के लिए साइन नहीं किया गया है।

9 जनवरी 2020 में होगा ऋचा चड्ढा की कैबरे का प्रीमियर

अभिनेत्री ऋचा चड्ढा की फिल्म कैबरे का प्रीमियर अगले साल 9 जनवरी को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर होगा। कैबरे की निर्माता पूजा भट्ट ने एक बयान में कहा, फिल्म (कैबरे) में डांस और प्यार को अनोखे अंदाज में दिखाया गया है। उन्होंने कहा, हम डिजिटल प्लेटफॉर्म, जी5 पर इसका प्रीमियर करने के लिए उत्साहित हैं और हमें भरोसा है कि कैबरे बड़ी संख्या में दर्शकों तक पहुंचेगी, जो चलते-फिरते बेहतरीन कंटेंट चाहते हैं। कौस्तव नारायण नियोगी द्वारा निर्देशित कैबरे संगीतमय, अनूठी प्रेम कहानी है। इसमें ऋचा, गुलशन देवैया, एस. श्रीसंत और गुलशन ग्रोवर जैसे सितारे प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

ऋचा ने कहा कि कैबरे उनकी अब तक की सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं में से एक रही है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मुझे अभी तक पहचान नहीं मिली: परवीन कौर

कुंडली भाग्य, चक्रवर्ती अशोक सम्राट और कसम तेरे प्यार की जैसे धारावाहिकों में काम कर चुकीं अभिनेत्री परवीन कौर का कहना है कि लंबे समय तक इस उद्योग में रहने के बावजूद उन्हें अभी तक वह पहचान नहीं मिली है जो उन्हें पहले ही मिल जानी चाहिए थी।

परवीन ने कहा, टीवी पर अनगिनत शो करने के बाद भी मुझे अभी तक वह पहचान नहीं मिली है जो मुझे पहले ही मिल जानी चाहिए थी। यह एक मतलबी दुनिया है लेकिन कोई अधिक शिकायत नहीं कर सकता है। मेरे कुछ सहयोगी, जिन्होंने मेरे साथ शुरुआत की थी, आज उनका बड़ा नाम है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि किसी भी कलाकार के लिए स्थापित होने या पहचान बनाने के लिए अच्छी स्क्रीन उपस्थिति के साथ एक अच्छी भूमिका की आवश्यकता होती है। अब हालांकि परिदृश्य बदल गया है और इसके लिए युवा होना जरूरी है जो पर्दे पर मुख्य भूमिका में दिखे। इन दिनों वह लेडीज स्पेशल में एक मां की भूमिका निभा रही हैं।

जाह्नवी बनीं फ्लाइट लेफ्टिनेंट गुंजन सक्सेना, इंटरनेट पर फोटो हुई वायरल

जाह्नवी कपूर के फिल्मी करियर की शुरुआत धड़क जैसी बड़ी फिल्म के साथ हुई और पहली ही फिल्म में उन्हें करण जौहर जैसे नामी निर्देशक के साथ काम करने का मौका मिला। श्रीदेवी के जाने के बाद करण जौहर ने जैसे जाह्नवी के करियर की कमान अपने हाथों में संभाल ली है। तभी तो धड़क के ज़रिए जाह्नवी को लॉन्च करने के बाद करण ने उन्हें अपनी अगली मेगा बजट फिल्म तख्त के लिए भी साइन किया है।

सभी को लग रहा था कि जाह्नवी अपनी दूसरी फिल्म के रूप में करण की इसी फिल्म की शूटिंग पहले शुरू करेंगी। लेकिन ऐसा नहीं है। जाह्नवी कपूर ने गुंजन सक्सेना पर बनने वाली बायोपिक की शूटिंग शुरू कर दी है। बता दें कि गुंजन सक्सेना करगिल युद्ध के दौरान पहली भारतीय महिला आईएएफ पायलट अधिकारी थीं। युद्ध के दौरान उन्होंने न सिर्फ डटकर दुश्मनों का मुकाबला किया बल्कि घायल हुए सैनिकों को करगिल से अस्पताल पहुंचाने में भी बड़ी मदद की। इस बहादुरी भरे कारनामे के लिए गुंजन सक्सेना को शौर्य चक्र से भी सम्मानित किया गया था।

ऐसी शौर्य गाथा और इसके किरदार यानी गुंजन सक्सेना को पर्फेक्शन के साथ फिल्मी परदे पर उतारने के लिए जाह्नवी कपूर को कड़ी मेहनत करनी होगी। इसकी तैयारी उन्होंने शुरू भी कर दी है। जाह्नवी का गुंजन सक्सेना के लुक में एक फोटो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। इस फोटो को उनके फैन क्लब ने शेयर किया है।

इस फोटो में वह बिल्कुल गुंजन सक्सेना जैसी ही लग रही हैं। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं है कि इस फिल्म का निर्देशन कौन करेगा, लेकिन प्रॉडक्शन की कमान करण जौहर के हाथों में है।